>

Title: Regarding price hike of Petrol and Diesel.

**श्री विनायक भाऊराव राऊत (रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग):** महोदया, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद ।

पिछले कई दिनों से दिन-प्रतिदिन डीजल और पेट्रोल की जो बढ़ती हुई दरें हैं, दरों में जो वृद्धि हो रही है, वह एक चिंता का विषय बन चुका है । मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ कि कोरोना के कार्यकाल के बाद जिस तरीके से हर दिन डीजल और पेट्रोल के भाव बढ़ते रहे हैं, उसकी वजह से आम आदमी के जीवन के ऊपर बुरा असर हो रहा है । इसकी वजह से महंगाई बढ़ती जा रही है । थ्री व्हीलर हो, फोर व्हीलर, हो चाहे अन्य कोई वाहन हो, उसका इस्तेमाल करना मुश्किल हो चुका है ।

मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से विनती करना चाहता हूँ कि आप डीजल और पेट्रोल की बढ़ती हुई दरों के ऊपर कुछ न कुछ नियंत्रण पाने की कोशिश करें और आम आदमी को राहत दें । मैं यही विनती करता हूँ । धन्यवाद ।